आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 07.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम को फूलप्रूफ डिवाइस बताते हुए अवैध वोटिंग की संभावना से इंकार किया।

- राज्य की नई मतदाता सूची में वोटर संख्या बढ़कर 5 करोड़ 45 लाख से ऊपर हुई–मतदाता लैंगिक अनुपात में भी सुधार।

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने एचएमपीवी के मद्देनज़र राज्यों को गंभीर श्वसन संक्रमण की निगरानी मज़बूत करने की सलाह दी।

- जयपुर में कल से राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की शुरूआत–12 जनवरी तक विभिन्न आयोजन होंगे।

- प्रदेश में अगले दो दिनों में तापमान में और गिरावट के आसार–कोहरे से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

000

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि ईवीएम फूलप्रूफ डिवाइस है। इनमें अवैध वोट की संभावना नहीं है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने ईवीएम पर उठे विभिन्न सवालों पर भी जवाब दिये।

-----------

मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि सभी 70 सीटों पर पांच फरवरी को वोट डाले जाएंगे और आठ फरवरी को मतगणना होगी।

000

प्रदेश में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 5 करोड़ 45 लाख 69 हजार 501 हो गई है। 200 निर्वाचन क्षेत्रों में 2 करोड़ 82 लाख 46 हजार 146 पुरूष और 2 करोड़ 63 लाख 22 हजार 684 महिला मतदाता तथा 671 थर्ड जेंडर वोटर के नाम दर्ज हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद आज निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर में प्रारूप मतदाता सूचियों के प्रकाशन के बाद संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 13 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम जोड़े गए। उन्होंने कहा कि सूचियों के अनुसार पंजीकृत मतदाताओं के लैंगिक अनुपात में काफी सुधार हुआ है।

------------

000

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि **ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी** से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ वर्चुअल बैठक में ये बात कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बैठक में श्वसन संबंधी बीमारियों की स्थिति और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की। उन्होंने राज्यों को इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने की सलाह दी है।

इधर, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य की स्वास्थ्य प्रणालियाँ और निगरानी नेटवर्क सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी चुनौती से तत्काल निपटने की सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कई जिला कलेक्टरों ने भी इस बारे में बैठक की। भीलवाड़ा में चिकित्सा विभाग की ओर से जिला कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

000

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह इस बार उदयपुर में आयोजित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज समारोह की तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को समारोह की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने और समुचित सुरक्षा प्रबंधन करने के निर्देश दिये।

000

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चादर पेश की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खां मेवाती ने ये चादर चढ़ाई।

000

जयपुर में कल से राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की शुरूआत होने जा रही है। ये महोत्सव 12 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव की थीम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार रखी गई है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम होंगे। युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने आज विभाग के अधिकारियों के साथ महोत्सव की तैयारियों का जायज़ा लिया। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-----------

000

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक हुई। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी अध्यक्षता की। श्री गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परिवर्तनकारी परिवहन नीतियों को समान रूप से लागू करने के लिए इस तरह का संवाद जरूरी है।

उपमुख्यमंत्री और राज्य के परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी बैठक में शामिल हुए। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. बैरवा ने लिखा कि इस बैठक में राष्ट्रीय परिवहन नीति, सड़क सुरक्षा के व्यापक उपाय और परिवहन क्षेत्र में डिजिटल समाधानों पर चर्चा की गई। साथ ही, वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण, ईंधन दक्षता में सुधार और सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत बनाने के बारे में भी विचार–विमर्श किया गया।

000

राज्य में सड़क सुरक्षा माह के तहत कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भरतपुर में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की पालना करने की सीख दी। पाली में वाहन चालकों को यातायात जागरुकता सामग्री बांटी गई। साथ ही जाडन टोल प्लाजा पर वाहन चालकों की आंखों और सेहत जांच की गई। उन्हें निःशुल्क चश्मे भी वितरित किये गये। डूंगरपुर में परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से बाइक रैली निकाली गई।

000

राज्य में अगले दो दिनों में तापमान में और गिरावट के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की कमी आ सकती है। वहीं बीकानेर, जयपुर और भरतपुर सभाग में कहीं–कहीं शीत लहर की संभावना है। इसके साथ ही 8 से 10 जनवरी तक उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में भी कोल्ड–वेव का असर रह सकता है। इस बीच, आज नागौर में कड़ाके की सर्दी का असर रहा और न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।
सिरोही, भीलवाडा, चित्तौडगढ, दौसा, जालौर, पिलानी, बीकानेर, जोधपुर और जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। कई स्थान घने कोहरे से प्रभावित हैं। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कोहरे के कारण कई रेलगाड़िया देरी से चल रही हैं।

------------

हवाई यातायात पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। जयपुर में कोहरे की वजह से लगातार उड़ानों का शेड्यूल बिगड़ा हुआ है। इसकी वजह से जयपुर एयरपोर्ट से कल रात और आज सुबह 11 फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त पर टेक ऑफ और लैंडिंग नहीं कर पाई। इस कारण बड़ी संख्या में यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा।
राज्य में सर्दी के तीखे तेवरों को देखते हुए स्कूलों में शीतकालीन अवकाश बढ़ा दिया गया है। सर्दी के कारण करीब 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने आदेश जारी कर जिला कलेक्टरों को 11 जनवरी तक छुट्टी करने के लिए अधिकृत किया है।

000

बाड़मेर में कल से साहित्य उत्सव की शुरुआत होने जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से हो रहे इस आयोजन को लेकर साहित्य और कला प्रेमियों में उत्साह है।

-------------

000

भारतीय सिनेमा और रंगमंच के मशहूर कलाकार इरफान खान को समर्पित इरफान थियेटर फेस्टिवल का कल से जयपुर में शुरू हुआ। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में तीन दिन का ये फेस्टिवल कला संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसके जरिये इरफान की कला और उनकी यादों को ताजा किया जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान तीन नाटकों का मंचन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही

फिल्म स्क्रीनिंग, पैनल चर्चा और टॉक शो भी रखे गये है। सिने प्रेमियों और इरफान के प्रशंसको के लिए उनकी कलात्मक विरासत से जुडने का ये बेहतरीन अवसर है।

000